DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY
Accredited with B+ Grade by NAAC
Kargi Road, Kota, Dist.-Bilaspur (C.G.)
Ph. : 07753-253 801 Fax : 07753-253728
e-mail : info@cvru.ac.in, visit us at : www.cvru.ac.in

घोषणा

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (मुक्त और दूरस्थ माध्यमों से शिक्षा प्राप्ति) विनियम 2017 के भाग 3 नियम 7 के अंतर्गत डॉ. सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय करगी रोड कोटा बिलासपुर के मुक्त और दूरस्थ शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के विनियमन हेतु संस्थान की वेबसाइट पर निम्नानुसार आवश्यक दस्तावेज एवं सूचनायें अपलोड की गई है –

1. उच्च शिक्षा संस्थान के स्थापना संबंधी अधिनियम और अध्यादेश।
2. आयोग अथवा अन्य संगत सांविधिक अथवा विनियामक प्राधिकरणों से मान्यता प्रदान करने के संबंध में पत्रों की प्रतियां ।
3. कार्यक्रम के ब्यौरे में "इनफार्मेशन ब्रोशर" अथवा "प्रोग्राम गाइड" जिसमें कार्यक्रम का नाम, कार्यक्रम की अवधि, नामांकन के लिए पात्रता, कार्यक्रम की संरचना आदि ब्यौरा भी शामिल है।
4. पाठ्यक्रम के संबंध में कार्यक्रम –वार जानकारी, पठन सामाग्री हेतु सुझाव, परामर्श के लिए संपर्क बिंदु, क्रेडिट बिंदुओं के साथ कार्यक्रम की संरचना, कार्यक्रम–वार संकाय विवरण, सहायक कर्मचारिवृंदों की सूची, प्रस्तावित शिक्षार्थी सहायता केन्द्रों की सूची और पते तथा संपर्क ब्यौरे।
5. प्रवेश, पंजीकरण, पुनः पंजीकरण, परामर्श, दिए गए कार्य और उस पर प्रतिप्राप्ति, परीक्षाएं, परिणाम घोषणाएं आदि के संबंध में महत्वपूर्ण अनुसूचियां अथवा तिथियां एकेडमिक कैलेंडर के रूप में।
6. शिक्षार्थी के निष्पादन के सतत् मूल्यांकन को तैयार करने, उसका विकास करने, उसे प्रदान करने के संबंध में एक व्यापक प्रतिप्राप्ति प्रणाली के संबंध में जानकारी।
7. संचालित एवं आगामी वर्षो के दौरान प्रस्तावित नए कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी।
8. वर्ष–वार कार्यक्रम वार छात्र नामांकन और उपाधि या प्रमाण पत्र या डिप्लोमा या स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान किए जाने संबंधी आंकड़ो का ब्यौरा।
9. 'स्व–ज्ञान अर्जन संबंधी सामग्री' के बारे में पूरी जानकारी तथा संकाय सदस्य जिसने उसे तैयार किया, इसे कब तैयार किया गया, तथा अंतिम बार इसे कब अद्यतन किया गया, स्व–ज्ञान अर्जन संबंधी सामग्री के संदर्भ ग्रंथ, के बारे में संपूर्ण जानकारी।
10. "बार–बार पूछे जाने वाले प्रश्नों" के शीर्ष के तहत प्रश्नों तथा उत्तर का एक संकलन।
11. प्रस्तावित 'शिक्षार्थी सहायता केन्द्रों' की सूची।
12. 'परीक्षा केन्द्रो की सूची सहित प्रत्येक केन्द्र में छात्रों की संख्या का ब्यौरा।
13. शिक्षा सत्र के साथ–साथ प्रवेश प्रक्रियाओं की अवधि तथा सत्रांत पर आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं की तिथी संबंधी ब्यौरा।

गौरव शुक्ला
(कुलसचिव)